DAY — **07** SEAT NUMBER | | | | | | |

2025	II	18	1100	**J-301**	(H)

HOME MANAGEMENT (61)

Time : 3 Hrs. **(7 Pages)** **Max. Marks : 70**

सूचना : *(१) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(२) दाहिनी ओर की संख्याएँ प्रश्नों के गुण दर्शाती हैं।

(३) प्रत्येक प्रश्न के उत्तर का प्रारंभ नए पृष्ठ पर कीजिए।

प्र. १. **(अ)** निम्नलिखित वाक्यों के लिए दिए गए विभिन्न विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखिए: **[१८]** (६)

(१) लक्ष्य निर्धारित करना यह समय व्यवस्थापन का ------ चरण है।

(अ) दूसरा

(ब) प्रथम

(क) तीसरा

(२) ऊर्जा अथवा शक्ति अर्थात् ------ करने की क्षमता है।

(अ) शारीरिक कार्य

(ब) मानसिक कार्य

(क) शारीरिक तथा मानसिक कार्य

(३) १८७९ में ------ ने इनकैन्डेसेंट बल्ब की खोज की।

(अ) थॉमस एडिसन

(ब) जेम्स मैक्सवेल

(क) माइकल फैराडे

(४) पारिवारिक आय में यह नियमित तथा निर्धारित आय का स्रोत समझा जाता है —

(अ) शेयर्स

(ब) लाभांश

(क) वेतन

(५) यह यू.पी.आइ [UPI] का उदाहरण है—

(अ) भीम [बी. एच. आइ. एम]

(ब) NEFT [एन. इ. एफ. टी]

(क) RTGS [आर. टी. जी. एस]

(६) गति तथा समय अध्ययन की लिपि को संज्ञा दी गई—

(अ) गिलब्रेथ

(ब) थर्बलीग

(क) कृति तालिका

(ब) निम्न स्तंभ 'अ' के शब्दों की स्तंभ 'ब' के शब्दों के साथ उचित जोड़ियाँ बनाइए: (६)

'अ' स्तंभ	'ब' स्तंभ
(अ) सजावट के संसाधन	(१) समय को नोट करना
(ब) राजस्थान	(२) भूमितीय रचना
(क) मानसिक प्रयास	(३) वॉल हैंगिंग
(ड) रोध घड़ी [stop watch]	(४) मंडाना
(इ) दूध में स्टार्च	(५) अल्पना
(फ) नमूना [pattern]	(६) अध्ययन करना
	(७) मिलावट

(क) सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए : (६)

(१) आकृति पूर्ण कीजिए।

प्राथमिक रंग



(२) निम्नलिखित वाक्य 'सत्य' है या 'असत्य' लिखिए :

बजट यह एक प्रकार का गृह लेखाकर्म [Account] नहीं है।

(३) प्रथम सहसंबंध को ध्यान में रखकर दूसरे सहसंबंध को पूर्ण कीजिए:

घड़ी का समय: अध्ययन का समय : : खाली समय : ------

(४) निम्न शब्दों में से बेजोड़ शब्द को पहचानिए:

(अ) ब्रांड लेबल

(ब) प्रत (grade) लेबल

(क) ग्राहक संरक्षण

(ड) वर्णनात्मक लेबल

(इ) जानकारीयुक्त लेबल

(५) रेखांकित शब्द को सही करके लिखिए :

संसाधन का त्म का क र्या मूल्य तथा सौंदर्यात्मक मूल्य भी होता है।

(६) मैं कौन हूँ?

संकेत : मेरे डिज़ाइन में 'गो पद्म', 'शंख' 'चक्र' कुछ पांरपरिक चिन्ह उपयोग किए जाते हैं।

प्र. २. **(अ)** निम्नलिखित में से किन्हीं छ: प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (१२) **[१६]**

(१) स्पष्ट कीजिए : कार्य में लय स्थापित करना।

(२) गृह उद्योग तथा लघु उद्योग स्पष्ट कीजिए।

(३) 'खाली समय' की संकल्पना स्पष्ट कीजिए।

(४) तालिका पूर्ण कीजिए :

ऐच्छिक बचत योजना



(५) लकड़ी तथा काँच की सामग्री की देखभाल आप कैसे करेंगे?

(६) दी गई आकृति को पहचानकर स्पष्ट कीजिए :



(७) सौर ऊर्जा के लाभ लिखिए।

(ब) संक्षेप में उत्तर लिखिए (कोई दो) : (४)

(१) कारण लिखिए: समय अस्थायी (क्षणिक) है।

(२) स्पष्ट कीजिए : मूल्यांकन

(३) जगह [space] का महत्त्व लिखिए।

प्र. ३. **(अ)** निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों को हल कीजिए : (१२) **[१८]**

(१) लेबल के कार्य लिखिए।

(२) अंतर स्पष्ट कीजिए: मानसिक थकावट एवं शारीरिक थकावट

(३) आकृति को पहचानकर स्पष्ट कीजिए :



(४) खर्च में कटौती करके पारिवारिक आय कैसे बढ़ाएँगे?

(५) जल की रंगोली स्पष्ट कीजिए।

(ब) निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए (कोई दो) : (६)

(१) मानवीय ऊर्जा का व्यवस्थापन

(२) वास्तविक आय

(३) क्रेडिट कार्ड

प्र. ४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (६) [१८]

(अ) (१) ग्राहक की परिभाषा लिखिए। (१)

(२) योग्य खरीदारी के मार्गदर्शक तत्त्व लिखिए। (५)

अथवा

विविध रंग योजना [colour scheme] का वर्णन कीजिए।

(ब) (१) लेखाकर्म की परिभाषा लिखिए। (१)**(६)**

(२) लेखाकर्म [Account Keeping] की पद्धति स्पष्ट कीजिए। (५)

अथवा

समय की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

(क) मुंडेल के परिवर्तन के वर्ग का घरेलू कार्य के लिए उपयोग कैसे करेंगे? (६)

स्पष्ट कीजिए।

अथवा

निम्नलिखित महत्त्वपूर्ण संसाधनों की देखभाल कैसे करेंगे?

(१) चित्र

(२) पुष्प पात्र

(३) इनडोर प्लांट [Indoor Plants]

◆◆◆